लखनऊ के वैज्ञानिक को मिली विश्वस्तरीय ख्याति



लखनऊ के वैज्ञानिक डॉ भरत राज सिंह को मिली विश्वस्तरीय ख्याति

लखनऊ। 13 दिसम्बर 2024

शिक्षा जगत में एल्सेवियर विश्व का एक अग्रणी "विज्ञान व तकनीकी जर्नल" है, साथ ही दुनिया के कोने कोने से आये हुये शोधपत्रों की समीक्षा भी इनके द्वारा निरन्तर विश्व विख्यात वैज्ञानिकों द्वारा पूर्ण करवाया जाता है।

स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट साइन्सेज, लखनऊ के महानिदेशक, प्रो0 (डा.) भरत राज सिंह का नाम एल्सेवियर द्वारा वरिष्ठ वैज्ञानिक समीक्षक के रूप में वर्ष 2010 में प्रस्तावित हुआ था । विगत 13 (तेरह) वर्षो अर्थात 2010 -2023 के दौरान विशेषकर दुनिया में वैश्विक तापमान के कारण जलवायु परिवर्तन की विभीषिका के उथल-पुथल के दौरान भी डा0 सिंह द्वारा किये गये ऊर्जा-क्षेत्र के शोध-पत्रों के आकलन हेतु एल्सेवियर के प्रबन्ध-निदेशक, लाउरा हासिंक ने उन्हें एक समीक्षक के रूप में समय व विशेषज्ञता स्वेच्छा से देने के लिये अपनी गहरी कृतज्ञता ब्यक्त करते हुये, धन्यवाद ज्ञापित की है।

डा0 भरत राज सिंह पूर्व में ही वैश्विक तापमान बढ़ोत्तरी के आविष्कार व जलवायु परिवर्तन से सम्बन्धित गहन शोध के क्षेत्र में विश्वस्तरीय स्थान पा चुके हैं तथा एअर-वो-बाइक के अविष्कार व अमेरीकी स्कूल में 9 व 12 कक्षाओं के पाठ्यक्रम में जोडे जाने का अपना एक विशिष्ठ स्थान बना चुके हैं | डा. सिंह को लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड 2014, 2015 व 2017 में भी सम्मान पा चुके है।

---

https://ghoomtaaina.in/scientists-of-lucknowdr-bharat-raj-singh-got-world-class-fame-award-for-his-contribution-on-global-warming/